AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

अब ग्लोबल रैंकिंग में जगह बनाए लविवि

फार्मेसी इंस्टीट्यूट के भवन का राज्यपाल ने किया शिलान्यास

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस की नई बिल्डिंग का शिलान्यास और ई जी नि य रिं ग संकाय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने लविवि को नैक में 'ए प्लस प्लस' रैंकिंग की बधाई देते हुए कहा है कि विवि यहीं पर न रुके बल्कि ग्लोबल रैंकिंग में अपनी जगह बनाए।

राज्यपाल ने कहा कि लविवि के पास ऐसा सब कुछ है कि वह पूरे देश का नेतृत्व कर सकता है। हम विदेशों के विश्वविद्यालयों को टक्कर दे सकते हैं। कहा कि आप सभी वर्ल्ड रैंकिंग की तैयारी में लग जाएं। हर साल 30 फीसदी सिलेबस को अपडेट करें। यह सब आपकी लगन से संभव होगा। उन्होंने

जानकीपुरम में न्यू कैम्पस में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज भवन का राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया शिलान्यास। संवाद

शिक्षकों को नियमित क्लास लेने की भी सलाह दी। राज्यपाल ने कहा कि संवेदनशीलता की लोगों में कमी आ रही है। शिक्षकों को विद्यार्थियों को संवेदनशीलता और नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहिए। एनईपी में भी इस पर काफी जोर है। राज्यपाल ने फार्मेसी इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार गठिया की दवा, सेनेटाइजर व अल्कलाइन वाटर का उद्घाटन व वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोकु कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. संजय मेधावी, सभी डीन्स व शिक्षक मौजूद रहे।

इंजीनियरिंग संकाय की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन

> पैकेज, प्लेसमेंट व विद्यार्थी बढ़े : वीसी

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि अच्छी ग्रेड पाने के बाद विवि में प्लेसमेंट के लिए बड़ी कंपनियों के ऑफर व पैकेज बढ़े हैं। इनका ही नहीं नए प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की संख्या और विदेशी छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। विवि नए विषयों के साथ इसके पुराने वैभव को भी वापस लाने का प्रयास करेगा।

है। शिक्षकों को विद्यार्थियों को संवेदनशीलता और नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहिए। राज्यपाल ने फार्मेसी इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार गठिया की दवा, सेनेटाइजर व अल्कलाइन वाटर का उद्घाटन व वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. संजय मेधावी, सभी डीन्स व शिक्षक मौजूद रहे।

...ताकि फिर न खड़े हों भ्रष्टाचार के ट्विन टावर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की नई बिल्डिंग का शिलान्यास और इंजीनियरिंग संकाय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करने के बाद शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विवि व कार्यदायी संस्था इसका ध्यान रखे कि काम समय से, मानक के अनुरूप और पारदर्शी तरीके से पूरा हो। उन्होंने नोएडा में ढहाए गए ट्विन टॉवर का जिक्र करते हुए कहा कि इससे बहुत दुख होता है। लोग जीवनभर की कमाई ऐसी जगहों पर लगाते हैं और गड़बड़ी होने पर बिल्डर कोर्ट चले जाते हैं। आमजन चक्कर काटते रहते हैं। हमें इससे बचना चाहिए ताकि फिर भ्रष्टाचार के ट्विन टावर न खड़े हों।

राज्यपाल ने कहा कि विवि इसके लिए एक मॉनिटरिंग कमेटी का गठन करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में जो निर्माण कार्य राज्य या केंद्र सरकार की ग्रांट से हो रहे हैं। वह दो-तीन साल की जगह पांच-सात साल में बनते हैं। इस दौरान उनका बजट दोगुना हो जाता है। बिल्डिंग बन भी जाती है तो उसका इंफ्रास्ट्रक्चर कई साल तक विकसित होता रहता है। इससे विद्यार्थियों

राज्यपाल ने कहा- समय से, मानक के अनुरूप और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए निर्माण कार्य

बच्चों को राज्यपाल ने बांटे बैग। संवाद

मैं महिलावादी हूं...

राज्यपाल ने विवि की पांच स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मैं महिलावादी हूं। राजनीति से लेकर फौज में उनकी भागीदारी के लिए लड़ती रही हूं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। आपने इनको जुट प्रशिक्षण देकर अच्छा किया है। आप इनके उत्पाद को बाजार तक ले जाने की भी कवायद करें। एप बनाकर इनके लिए उन्हें प्रशिक्षित करें। उन्होंने बच्चों को स्कूली बैग भी बांटे।

NBT PAGE 4

'विद्यार्थी हर काम ईमानदारी से करें'

एलयू के न्यू कैंपस स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस भवन का शिलान्यास करते हुए बोलीं राज्यपाल

अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया

5 महिलाओं को प्रमाण पत्र, 11 बच्चों को दिए स्कूल बैग

■ एनबीटी, लखनऊः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान विवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस की तरफ से तैयार फ्लेवर्ड अल्कलाइन वॉटर, ऑर्थो ऑइल, थ्री इन वन सैनिटाइजर और शैक्षणिक सत्र 2021-22 के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन भी किया। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों को हर काम ईमानदारी और पारदर्शिता से करने और भ्रष्टाचार का कतई साथ न देने की नसीहत दी। साथ ही कहा कि महिलाओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने में योगदान दे सकें।

एलयू को नैक से ए++ ग्रेडिंग मिलने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एलयू अब ग्लोबल रैंकिंग में स्थान पाने की दिशा में आगे बढ़े। इस दौरान स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और परिसर में काम करने वाले श्रमिकों के 11 बच्चों को स्कूल बैग भी सौंपे। कार्यक्रम के दौरान वीसी ने बताया कि अच्छी ग्रेड पाने के बाद एलयू में प्लेसमेंट के लिए बड़ी कंपनियों के ऑफर आने लगे हैं। इस मौके पर कुलसचिव संजय मेधावी के अलावा विभिन्न संकायों के डीन, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, विद्यार्थी व कर्मचारी मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

छात्रों के ज्ञान को अनुभव में बदला जाए: राज्यपाल

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के भवन का शिलान्यास मंगलवार को किया। उन्होंने नवनिर्मित अभियांत्रिकी संकाय के भवन का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल ने नैतिक, आदर्श और मर्यादा के ज्ञान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा इससे भविष्य में वे निडर होकर ईमानदारी से अपने काम करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि छात्र जो पढ़ रहे हैं, उसका प्रैक्टिकल भी करवाया जाए। ऐसी लैब बनाई जाएं जहां वे ज्ञान को अनुभव में बदल सकें।

उन्होंने परिसर में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किए। उद्यमिता से जुड़ी पांच महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कुलपति प्रो. आलोक राय ने राज्यपाल के समक्ष विवि की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए अग्रसर होने को कहा। आनन्दी बेन पटेल ने समारोह में विश्वविद्यालय की फार्मेसी में छात्रों द्वारा बनाए गए सैनेटाइजर, गठिया की दवाई और फ्लेवर्ड ऐल्कलाइन पानी का लोकार्पण भी किया।

JAGRAN CITY PAGE III

'इंडस्ट्रीज के हिसाब से तैयार हों विद्यार्थी'

इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंस भवन के शिलान्यास के दौरान बोलीं राज्यपाल

जासं, लखनऊः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज भवन का शिलान्यास और अभियांत्रिकी संकाय के नए भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक शिक्षा से छात्रों को इंडस्ट्रीज के लिए तैयार करना होगा। इसमें छोटे उद्योगों से साझेदारी कर तकनीकी सहायता देने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने छात्र- छात्राओं को अपना काम ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से करने की सीख भी दी। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वह आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा कर सकें। लखनऊ विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर उन्होंने कुलपति को बधाई दी। साथ ही अपेक्षा भी की कि अब लखनऊ विश्वविद्यालय ग्लोबल रैंकिंग में जगह बनाने के लिए प्रयास करें। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि नैक में अच्छी ग्रेड आने से कैंपस प्लेसमेंट में बड़ी कंपनियों से आफर आने लगे हैं। राज्यपाल ने पांच स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रमाणपत्र और परिसर में कार्य कर रहे श्रमिकों के बच्चों को स्कूल बैग भी दिया। वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन भी किया। संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक उपस्थित रहे। रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राज्यपाल ने फार्मेसी के छात्रों की ओर से बनाए गए सैनिटाइजर, गठिया की दवा और एल्कलाइन पानी को लांच भी किया।

लविवि में शिलान्यास करने आईं राज्यपाल ने श्रमिकों के बच्चों को दिए स्कूल बैग ● जागरण

एलएलएम व एमएड में नहीं होगा साक्षात्कार

लविवि में एलएलएम व एमएड में प्रवेश के लिए अब साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। विदेशी पीएचडी छात्रों का प्रवेश निर्धारित सीट पर सीधे दिया जाएगा। उन्हें लिखित परीक्षा और साक्षात्कार से छूट रहेगी। प्रवेश समिति ने 30 अफगान छात्रों के प्रवेश पर अनुमोदन कर दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत बीए, बीएससी के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी सातवें सेमेस्टर में मेजर विषय में से किसी एक विषय को ले सकेंगे।

लविवि में स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आज से शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 31 अगस्त से शुरू हो रही है। स्नातक दूसरे सेमेस्टर में 1,10,639 परीक्षार्थी बैठेंगे। इसमें नई शिक्षा नीति के तहत संचालित बीए में 76,913, बीकॉम में 10,664 और बीएससी में 23 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। बीए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 27 सितंबर तक चलेगी। परीक्षा सुबह नौ से 10.30 बजे तक होगी। बीएससी सेकेंड सेमेस्टर बीए सेकेंड सेमेस्टर सांख्यिकी, गणित की परीक्षा 19 सितंबर तक दो बजे से साढ़े तीन बजे तक चलेगी। बीएससी होमसाइंस की परीक्षा सात सितंबर से शुरू हो रही है, जो 14 सितंबर तक होगी। बीकॉम सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा एक से 14 सितंबर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक होगी। हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी में 156 केंद्र बनाया है। इन केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचाने के लिए 22 नोडल केंद्र बनाए गए हैं।

लविवि : एलएलएम-एमएड प्रवेश के लिए इंटरव्यू नहीं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2022-23 में एलएलएम-एमएड में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी गई है। विवि प्रशासन एलएलएम और एमएड के प्रवेश के लिए इंटरव्यू नहीं कराएगा। यह निर्णय मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया।

प्रवेश समिति ने शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में विवि व कॉलेजों के शिक्षकों के लिए पीएचडी में सुपर न्यूमेरिक सीट पर प्रवेश देने का निर्णय लिया। इसमें तय किया गया कि विषय में उपलब्ध कुल पीएचडी सीटों के अधिकतम 10 फीसदी या न्यूनतम एक सीट पर प्रवेश का प्रावधान किया गया है। शिक्षक अभ्यर्थी पीएचडी कोर्स वर्क ऑफलाइन और ऑनलाइन या मूक्स से भी कर सकेंगे। उन्हें शेष प्रवेश परीक्षा से भी छूट दी जाएगी।

प्रो. राय ने बताया कि विदेशी पीएचडी छात्रों का प्रवेश भी सुपर न्यूमेरिक सीट पर होगा और उन्हें शेष प्रवेश परीक्षा व इंटरव्यू से छूट दी जाएगी। 30 अफगानी छात्रों के प्रवेश का भी अनुमोदन किया गया।

विवि की प्रवेश समिति ने लगाई मुहर

कॉलेजों व विवि के शिक्षकों के लिए पीएचडी में सुपर न्यूमेरिक सीट

फैकल्टी ऑफ लॉ में तीन दिन के लिए बंद रहेंगी कक्षाएं

लखनऊ। लविवि की स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के चलते फैकल्टी ऑफ लॉ में एलएलबी तीन वर्षीय, एलएलबी ऑनर्स व एलएलएम की कक्षाएं 31 जुलाई से तीन सितंबर तक स्थगित रहेंगी। वहीं मंगलवार को दूसरे दिन बीजेएमसी व बीवीए-बीएफए की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। बीजेएमसी में 109 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 113 अनुपस्थित रहे। वहीं बीवीए-बीएफए में 611 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 198 अनुपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

यूजी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में बीए, बीएससी, बीकॉम दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं का आयोजन लखनऊ के साथ रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में भी 145 से अधिक केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। 31 को पहली पाली में सुबह नौ से 10:30 बजे तक फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, पाली की और दूसरी पाली में दोपहर दो से 3:30 बजे तक जियोलॉजी की परीक्षाएं होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयूः दाखिला समिति से पीएचडी प्रवेश को हरी झंडी

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू की दाखिला समिति ने सात प्रस्ताव पास किए हैं। सत्र 2022-23 के पीएचडी दाखिले को भी हरी झंडी दी गई है। विवि और कॉलेजों के शिक्षकों को कुल सीटों में अधिकतम दस प्रतिशत और न्यूनतम एक सीट (सुपर न्यूमेरिक) पर प्रवेश की सहमति बनी है। शिक्षक अभ्यर्थी पीएचडी कोर्स ऑफलाइन और ऑनलाइन के साथ ही मूक्स से भी कर सकेंगे।

समिति के अनुसार एलएलएम और एमएड में दाखिले के दौरान साक्षात्कार नहीं होगा। विदेशी छात्रों का पीएचडी में प्रवेश प्रवेश सुपर न्यूमेरिक सीट पर होगा। इसके साथ ही आरईटी और साक्षात्कार से छूट रहेगी। 30 अफगानी छात्रों के प्रवेश का अनुमोदन किया गया है। इसके साथ ही कला संकाय में परास्नातक के दाखिले के लिए स्नातक में 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य कर दिया गया है। आवेदक अगर उस विषय से पीजी करना चाहता है जो स्नातक अंतिम वर्ष में नहीं लिया था तो न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। दूसरे संकाय के अभ्यर्थियों को भी पीजी में प्रवेश के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक की वाध्यता रखी गई है।

एकेटीयू में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन शुरू: एकेटीयू में सत्र 2022-23 के पहले फेज की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। कुलपति प्रो. पीके मिश्र ने बताया कि 15 सितंबर की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 24 को लिखित परीक्षा होगी।

113 ने छोड़ी बीजेएमसी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन बीजेएमसी, बीवीए और बीएफए में परीक्षा हुई। पहली पाली में बीजेएमसी की परीक्षा हुई। जिसमें 109 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 113 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में बीवीए-बीएफए के लिए परीक्षा हुई। जिसमें 611 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 198 अनुपस्थित रहे। बुधवार को पहली पाली में बीएएसी बायो ग्रुप एवं दूसरी पाली में बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

एमएः प्रवेश के लिए अंकों की अर्हता घटी

फैसला

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक मंगलवार को हुई। प्रवेश समिति में एमए में प्रवेश के नियमों में कई बदलाव करने के साथ ही पीएचडी सीटों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एलयू के प्रवेश नियंत्रक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमए में प्रवेश के लिए न्यूनतम अंकों में छूट प्रदान की गई है। कला संकाय में एमए में प्रवेश में स्नातक में यदि विषय छात्र-छात्रा ने पढ़ा है जिसमें वह प्रवेश चाहता है तो स्नातक में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अर्ह होंगे। इसके अलावा यदि प्रवेश लेने वाले छात्र ने बीए में वह विषय नहीं पढ़ा है जिसमें एमए में प्रवेश में लेना है तो बीए में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पहले न्यूनतम 55 फीसदी थे। इसके अलावा यदि किसी और संकाय का स्नातक अभ्यर्थी कला से एमए में प्रवेश चाहता है तो दस प्रतिशत अंकों की छूट देते हुए न्यूनतम अर्हता 50 फीसदी पर मोहर लगी। पहले 50 फीसदी अंक न्यूनतम अर्हता थी।

दस फीसदी सीटों तक पीएचडी में प्रवेश की अनुमति

प्रवेश समिति की बैठक में सत्र 2022-23 के पीएचडी प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के ऐसे शिक्षक जो पीएचडी नहीं कर पाए हों, उनके लिए अधिकतम दस फीसदी सीट एवं न्यूनतम एक सीट पर प्रवेश के प्रावधान का प्रस्ताव प्रवेश समिति ने पारित किया गया। इसके साथ ही शिक्षकों को रिसर्च इंट्रेस टेस्ट (आरईटी) से भी छूट मिलेगी। नेट के माध्यम से नए शिक्षक अब अध्यापन कार्य के साथ ही अपनी पीएचडी भी पूरी कर सकेंगे।

एलएलएम, एमएड में साक्षात्कार खत्म, विदेशी छात्रों को छूट

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब एलएलएम और एमएड में प्रवेश के लिए साक्षात्कार को खत्म कर दिया है। अभी तक अभ्यर्थियों को परीक्षा के साथ साक्षात्कार देना पड़ता था वहीं प्रवेश नियंत्रक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विदेशी पीएचडी छात्र-छात्राओं को भी रिसर्च एंट्रेस टेस्ट (आरईटी) में छूट मिलेगी।

बीए में 45 प्रतिशत पाने वाले विद्यार्थी ही पाएंगे एमए में प्रवेश

जागरण संवाददाता, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नए सत्र से कला संकाय में अगर किसी विद्यार्थी ने बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके बाद वह बीए में पढ़े गए किसी विषय को लेकर एमए में प्रवेश लेना चाहता है तो उसके स्नातक यानी बीए में 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

इसके अलावा अगर किसी अभ्यर्थी ने बीए में किसी विषय को नहीं पढ़ा है, लेकिन अगो वह उस विषय से एमए करना चाहता है तो बीए में कम से कम उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। साथ अगर विज्ञान, वाणिज्य या अन्य किसी भी संकाय से स्नातक करने वाले अभ्यर्थी कला संकाय के किसी भी विषय में एमए में प्रवेश लेना चाहते हैं, तो उनके स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

लविवि में गैर पीएचडी शिक्षकों के लिए 10 प्रतिशत सीटें

प्रवेश समिति ने पीएचडी सत्र 2022-23 की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर अपनी अनुमति दे दी है। इसमें विश्वविद्यालय (लविवि) और संबद्ध राजकीय और अनुदानित कालेजों में गैर पीएचडी शिक्षकों के लिए पीएचडी प्रवेश में 10 प्रतिशत सीट आरक्षित कर दी गई है। नए सत्र में पीएचडी के लिए अक्टूबर 2022 से आवेदन किए जा सकेंगे। शिक्षक अभ्यर्थी पीएचडी कोर्स वर्क ऑफलाइन और आनलाइन माध्यम से कर सकेंगे। शिक्षकों को पीएचडी में प्रवेश परीक्षा देने की भी जरूरत नहीं होगी।

TRUE TIMES PAGE 1

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस भवन का शिलान्यास राज्यपाल द्वारा किया गया

टू टाइम्स, शिवम मिश्रा

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस भवन का शिलान्यास एवं अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आनंदीबेन पटेल कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने राज्यपाल को नैक ए प्लस प्लस प्राप्त करने दिए गए निर्देशों एवं मार्गदर्शन के कारण उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। उन्होंने कहा की अच्छी ग्रेड पाने के पश्चात विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए बड़ी कंपनियों का ऑफर आना शुरू हो गया है।

राज्यपाल द्वारा 05 स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं परिसर में कार्य कर रहे श्रमिकों के 11 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण भी किया गया। साथ ही राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा निर्मित फ्लेवर्ड अल्कलाइन वॉटर, ऑर्थो ऑयल, थ्री इन वन सैनिटाइजर एवं शैक्षणिक सत्र 2021-22 के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन भी किया। महामहिम ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भविष्य में ऐसे साहसिक व्यक्ति बने कि अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करें एवं भ्रष्टाचार का साथ ना दें। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहां कि महिलाओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वे आत्मनिर्भर भारत के सपने को संपूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सकें। उन्होंने व्यवहारिक शिक्षा द्वारा छात्रों को इंडस्ट्री रेडी बनाने एवं छोटे उद्योगों से साझेदारी कर उन्हें तकनीकी सहायता प्रदान करने पर जोर दिया।

नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिलने पर उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अलोक कुमार राय जी को बधाई दी एवं कहा कि विश्वविद्यालय में नेतृत्व करने की असीम क्षमता है। समस्त विश्वविद्यालय परिवार को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि वे अब अपने संपूर्ण सामर्थ्य का प्रयोग कर ग्लोबल रैंकिंग में स्थान पाने हेतु प्रयास करें। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के डीन, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक, छात्र तथा कर्मचारी उपस्थित थे। कुलसचिव संजय मेधावी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

i-NEXT PAGE 4

इंडस्ट्रीज के हिसाब से तैयार हों स्टूडेंट्सः गवर्नर

इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंस भवन का शिलान्यास करने आईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और बीसी ने किया शुभारंभ.

LUCKNOW (30 Aug): गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज भवन का शिलान्यास और अभियांत्रिकी संकाय के नए भवन का लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यावहारिक शिक्षा से छात्रों को इंडस्ट्रीज के लिए तैयार करना होगा. इसमें छोटे उद्योगों से साझेदारी कर तकनीकी सहायता देने पर भी जोर दिया.

ईमानदारी से काम की सीख

राज्यपाल ने छात्र- छात्राओं को अपना काम ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से करने की सीख भी दी. महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वह आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा कर सकें. लखनऊ विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर उन्होंने कुलपति को बधाई दी. साथ ही अपेक्षा भी की कि अब लखनऊ विश्वविद्यालय ग्लोबल रैंकिंग में जगह बनाने के लिए प्रयास करें.

नैक ग्रेड का मिल रहा फायदा

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि नैक में अच्छी ग्रेड आने से कैंपस प्लेसमेंट में बड़ी कंपनियों से आफर आने लगे हैं. राज्यपाल ने पांच स्थानीय महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रमाणपत्र और परिसर में कार्य कर रहे श्रमिकों के बच्चों को स्कूल बैग भी दिया. वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन भी किया. संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक उपस्थित रहे. रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

एलयू में स्नातक परीक्षा आज से

LUCKNOW (30 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 31 अगस्त से शुरू हो रही है. स्नातक दूसरे सेमेस्टर में 1,10,639 परीक्षार्थी बैठेंगे. इसमें नई शिक्षा नीति के तहत संचालित बीए में 76,913, बीकॉम में 10,664 और बीएससी में 23 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे. बीए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 27 सितंबर तक चलेगी. परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से 10.30 बजे तक रखा गया है. बीएससी सेकेंड सेमेस्टर बीए सेकेंड सेमेस्टर-सांख्यिकी, गणित की परीक्षा शाम की पाली में दो बजे से साढ़े तीन बजे तक चलेगी. इन पाठ्यक्रमों की परीक्षा 19 सितंबर तक चलेगी.

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

शिक्षा के साथ नैतिक और मर्यादा ज्ञान भी जरूरी

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अभियांत्रिकी संकाय का लोकार्पण एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज का शिलान्यास किया

स्वतंत्रभारत ब्यूरो लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर, जानकीपुरम में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज हेतु भवन का शिलान्यास तथा

भवन निर्माण प्रस्तावित समय सीमा और लागत के अंदर ही पूरा हो

नवनिर्मित अभियांत्रिकी संकाय के भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर समारोह को स बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा और प्रस्तावित लागत के अंदर ही पूरा होना चाहिए। निर्माण कार्य में देरी से बढ़ी हुई लागत का बोझ देश की अर्थ-व्यवस्था पर पड़ता है। उन्होंने शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को नैतिक, आदर्श और मर्यादा का ज्ञान कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा इससे भविष्य में वे निडर होकर ईमानदारी से अपने कार्यों को करेंगे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को निरन्तर बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को निरन्तर बनाए रखें। इसी क्रम में राज्यपाल ने प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को नेतृत्व करने के लिए कहा। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए अग्रसर होने को कहा। शिक्षा को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़े जाने पर चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा विद्यार्थी जो पढ़ रहे हैं, उसका प्रैक्टिकल भी करवाया जाए। ऐसी लैब बनाई जाएं जहाँ वे अपने शिक्षा के ज्ञान को अनुभव में बदल सकें। विद्यार्थियों के शोधों का लाभ जनसाधारण, किसानों एवं लघु उद्यमियों तक पहुँचना चाहिए, जिससे विद्यार्थी को भी आर्थिक लाभ हो और जनसाधारण कम दामों में गुणवत्तापूर्ण जांच, उपकरण तथा अन्य उपयोगी सामग्री प्राप्त कर सके। शिक्षा के साथ नैतिक और मर्यादा ज्ञान भी जरूरी है।

राज्यपाल श्रीमती पटेल लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर, जानकीपुरम में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज हेतु भवन का शिलान्यास तथा नवनिर्मित अभियांत्रिकी संकाय के भवन का लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा और प्रस्तावित लागत के अंदर ही पूरा होना चाहिए। निर्माण कार्य में देरी से बढ़ी हुई लागत का बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

राज्यपाल ने अपने उद्वोधन में महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वावलम्बन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन मह